रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-05072023-247036
CG-DL-E-05072023-247036

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 2754] नई दिल्ली, सोमवार, जुलाई 3, 2023/आषाढ़ 12, 1945
No. 2754] NEW DELHI, MONDAY, JULY 3, 2023/ASHADHA 12, 1945

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 3 जुलाई, 2023

का.आ. 2877(अ).—प्रारुप अधिसूचना, भारत के राजपत्र, असाधारण, में भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन, मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 2776 (अ), तारीख 9 जुलाई, 2021, द्वारा प्रकाशित की गई थी जिसमें ऐसे सभी व्यक्तियों से, जिनकी उससे प्रभावित होने की संभावना थी, उस तारीख से, जिसको उक्त अधिसूचना को अन्तर्विष्ट करने वाली राजपत्र की प्रतियां जनता को उपलब्ध करा दी गई थीं, साठ दिन की अवधि के भीतर आक्षेप और सुझाव आमंत्रित किए गए थे;

और, उक्त प्रारूप अधिसूचना को अन्तर्विष्ट करने वाली राजपत्र की प्रतियां जनता को तारीख 12 जुलाई, 2021 को उपलब्ध करा दी गई थी;

और, उक्त प्रारुप अधिसूचना के प्रत्युतर में व्यक्तियों और पणधारियों से प्राप्त आक्षेपों और सुझावों पर केंद्रीय सरकार द्वारा विचार किया गया था;

नोकरेक राष्ट्रीय उद्यान पूर्व गारो पहाड़ी, पश्चिमी गारो पहाड़ी और दक्षिणी गारो पहाड़ी जिलों के त्रि-जंक्शन पर स्थित है और 47.48 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला है और यह अक्षांश 25° 30' 26.681" उ से 25° 24' 17.417" उ और देशांतर 90° 14' 35.600" पू से 90° 33' 55.695" पू के बीच स्थित है और यह संपूर्ण क्षेत्र पहाड़ी भू-भाग है जो मेघालय के पश्चिम भाग में तूरा पर्वत श्रृंखला पर स्थित है और इसके चारों ओर का क्षेत्र उक्त तीनों जिलों के लिए प्रमुख वाटर शेड है;

और, नोकरेक राष्ट्रीय उद्यान मुख्य नदी प्रणालियों का महत्त्वपूर्ण जलग्रहण क्षेत्र है जो गारों पहाड़ी के निम्न क्षेत्रों का पोषण करता है और इस क्षेत्र से तीन मुख्य नदियां सिमसंग, गनोल और दरेंग उत्पन्न होती हैं जिससे इस राष्ट्रीय उद्यान का महत्त्व बढ जाता है। नितांई, भुगई, दिदारी, मंडल, रोमबोंग, कम्पील, सोबोक, चीबे आदि अन्य महत्त्वपूर्ण जल प्रणालियां है। इस क्षेत्र की मिट्टी लाल दुम्मटी है और यह उष्णकटिबंधीय जलवायु वाला क्षेत्र हैं जिसमें अधिक वर्षा होती है तथा उच्च आर्द्रता रहती है सर्दी में साधारण ठंड पडती है तथा ग्रीष्म ऋतु सुहावनी रहती है;

और, नोकरेक राष्ट्रीय उद्यान में निम्न ऊंचाई पर बांस के लट्ठों सहित चौंडी पत्तियों वाले सदाहरित और अर्ध सदाहरित वन पाए जाते हैं और यह क्षेत्र जैव-भौगोलिक प्रदेश, बर्मा मानसून वन (4.09.04) के अंतर्गत आता है और यह उत्तर-पूर्व भारत में जैव भौगोलिक इकाई 9बी मेघालय पहाड़ी का प्रतिनिधित्व करता है। यहां के वनों में उष्ण कटिबंधी अर्ध-सदाहरित वनों के अंतर्गत समूहित पूर्वी उप-पर्वतीय अर्द्ध-सदाहरित वन (उप-प्रकार 26/सी16) प्रकार के वन पाए जाते हैं;

और, राष्ट्रीय उद्यान और इसके चारों ओर (जैवमंडल रिजर्व के बफर और संक्रमण जोन) की वनस्पति को सरसरी तौर पर ऊंचाईयों के आधार पर उष्णकटिबंधीय और उपोष्णटिबंधीय क्षेत्रों की वनस्पतियों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। उष्णकटिबंधीय वनस्पति समुद्र स्तर से लगभग 1000 मीटर की ऊंचाई तक के क्षेत्र में पायी जाती है। यहां की वनस्पति में सदाहरित, अर्ध सदाहरित, आर्द्र पर्णपाती प्रकार की वनस्पति और बांस की झाड़ियां सम्मिलित हैं;

और, नोकरेक राष्ट्रीय उद्यान के साथ नोकरेक जैवमंडल रिज़र्व में गारो पहाड़ी के कुछ अद्वितीय क्षेत्रों के अंतर्गत कोर क्षेत्र शामिल हैं और यह जैव-विविधता का एक वैश्विक हॉटस्पाट है जो अछूते वन क्षेत्रों में प्राकृतिक सुंदरता, शांत विविधता पूर्ण वनस्पति, जीवजंतुओं और मानव संस्कृति के विविध रूपों का प्रतिनिधित्व करता है;

और, नोकरेक राष्ट्रीय उद्यान, वनस्पति और जीवजंतु जैवविविधता का संरक्षण करता है और यहां वनस्पति की लगभग 75 प्रजातियाँ पायी जाती हैं जिनमें *सेचीमा वाल्लीचि, टर्मिनलिया बेलेरिका, टर्मिनलिया चेबुला, अल्बिजिया लेब्बक, सिजिगियम स्प, अलुकीडा स्प., ग्लायकोडियम स्प., कस्टानोपिस हायस्ट्रीक्स, लिट्सिया नापालेंसिस, अकरोकारपस फ्राक्सीनिफोलियस, रहुस जवानीका, फिकुस स्प., जिजिफुस रुगोसा, परेमना मल्टीफ्लोरा, मिटराफोरा टोमेंटोसा, अगलाटा रूक्बुरघि, ल्लेलिकिया रूबुस्टा, क्यूइरकुस सेमीसेराटा, इरयोबूटयरा बेंगलेसिस, बरेयनिया पटेंस, इंगेल हंदिया, दीलेनियापेंटगयना, क्ल्लेकापुस फ्लोरीबंडस, गिमेलीना अरबोरिया, गोरोइनिया अल्फिनिस, गलोचीदीओन स्प., किटसिया स्प., होलारर्हाइना अंटीयसेंटरीका, लेगरसटोमिया स्प., कायदिया कैलीसीना, सल्मालिया मालाबरिका, स्ट्रेकुलिया विलोसा, अपोरोसा दिओकिया, मैलोटस फीलीपेंसिस, बयहुनिया स्प., कलिकारपा अरबोरिया, इम्बिलिका ओफ्फिकिनालिस, सिन्नामोमुम स्प., हीबिस्कुस मक्रोफयलुस,* आदि शामिल हैं। यहां की वानस्पतिक संरचना में *मिचेलिया स्प., अपोरोसा वाल्लिचि, करयपटोकेरा अंदेर्सोनि, मेसुआ फेर्रा, कस्टनोपिस हायस्ट्रीक्स, केस्टनापोसिस अमाटा, बेटुला कुलींदरीस्टाचीस* आदि शामिल है। इन क्षेत्रों का तल 1 से 2 मीटर की लम्बाई की कुछ झाड़ियां जैसे *मुंरोनिया पिन्नाटा, इरयोबोटरा अंगुस्टीस्सिमा, अंटीस्ट्रोफे, ओक्सयंथा, स्ट्राबिलांथुस गलोमेराटुस और इरिअंथुस स्प.* से आच्छादित हैं। वन क्षेत्रों के बीच वन रहित क्षेत्रों में खरपतवार जैसे कि *इयपथोरियम अडोराटीओन, मिचेनिया मिचरांटा, करोटो स्प.* पाए जाते हैं। बांस प्रजातियों में *दीनोचलोअ मैकेल्लोअंदी और मेलाकाना बेम्बोसोइदेस* शामिल हैं। अधिजीविक विकास भी इन वनों में खूब हुआ है और लगभग प्रत्येक वृक्ष में अधिजीविक ऑर्किड, फर्न का और अन्य पौधों का घना विकास हुआ है। भू-वनस्पति के अंतर्गत *अल्पिनिया स्प., अमोमुम स्प., कोलोकसिया स्प., कोस्टरूस स्प., हेडेयचीयम स्प., चीतरूस इंडिका, चीतरूस लेपटीस, सिटरूस रेटीक्यूलेट, सिटरूस अयरानटीफोलिया स्विंगले, सिटरूस ग्रांदीस, सिटरूस जामबिरी और सिटरूस लिमोन* आदि जैसी प्रजातियां शामिल है;

और, नोकरेक राष्ट्रीय उद्यान में कई प्रमुख: जीवजंतु प्रजातियाँ रहती है जिनमें हूलॉक गिब्बन (*हूलॉक हूलॉक*), रेसुस बंदर (*मकाका मुलाटा*), स्टम्प टेल्ड मैकाक (*मकाका आर्कटाइड्स*), पिग टेल्ड मैकाक (*मकाका लियोनिना*), कैप्ड लंगूर (*ट्रेचीपिथेकस पाइलेटस*), हिमालयन ब्लैक बियर (*उर्सस थिबेटनस लैनिगर*), सन बियर (*हेलारक्टोस मलायनस*), साल (*मैनिस क्रैसिकौडाटा*), लजीला वानर (*निक्टिसेबस एसपी.*), बोनट मंकी (*मकाका*

रेडियाटा), मलायन जायंट गिलहरी (*रतुफा बाइकलर*), हिमालयन गिलहरी (*ड्रेमोमिस लोकरिया*), उड़ने वाली गिलहरी (*पेटौरिस्टा एसपी.*), बिंटुरोंग (*आर्कटिक्टिस बिंटुरोंग*), लमचित्ता (*नियोफेलिस नेबुलोसा*), सांभर (*रूसा यूनीकलर*), मुंजक (*मुंटियाकस मुंटजैक*), सेरो (*कैपरीकोर्निस एसपी.*), जंगली हाथी (*एलिफस मैक्सिमस*), बनैला सूअर (*सुस स्क्रोफा*), भैसा (*बॉस गौरस*), भारतीय लोमडी (*वुल्प्स बेंगालेंसिस*), भारतीय भेड़िया (*कैनिस ल्यूपस*), साही (*हिस्ट्रिक्स इंडिका*), नेवला (*हर्पेस्टेस एसपी.*), गंधबिलाव (*विवरा एसपी.*) आदि शामिल है;

और, यह राष्ट्रीय उद्यान पक्षियों में समृद्ध है तथा महत्त्वपूर्ण प्रजातियों जैसे कि कलिज तीतर (*लोफुरा ल्यूकोमेलानोस*), ग्रेट इंडियन पाइड हॉर्नबिल (*बुसेरोस बाइकोर्निस*), कॉमन हॉर्नबिल (*बुसेरोस बाइकोर्निस*), मोर तितर (*पॉलीप्लेक्ट्रॉन बाइलकारटम*), क्रेस्टेड सर्पेंट ईगल (*स्पिलोर्निस चीला*), आदि को संरक्षण और सुरक्षा प्रदान करता है। क्षेत्र के सरीसृपों में सांपो, छिपकलियों और कछुओं की कई प्रजातियां शामिल है;

और, इस राष्ट्रीय उद्यान में संकटापन्न और लुप्तप्राय वनस्पति और जीवजंतु प्रजातियाँ पायी जाती हैं जिनका यहां रक्षण, परिरक्षण होता हैं और उन्हे आश्रय मिलता है इनमें *साइट्रस इंडिका, नेपेंथेस खासिअना, पैफियोपेडिलम वेनुस्टम, बिंटुरॉन्ग, हूलॉक गिब्बन, लमचित्ता, गौर, पिग-टेल्ड मैकाक, स्टंप-टेल्ड मैकाक, एशियाई हाथी, तेंदुआ, बृहत गिलहरी* आदि शामिल हैं;

और, नोकरेक राष्ट्रीय उद्यान के चारों ओर के क्षेत्र को, जिसका विस्तार और सीमाएं इस अधिसूचना के पैरा 1 में विनिर्दिष्ट हैं, पारिस्थितिकी, पर्यावरणीय और जैव-विविधता की दृष्टि से पारिस्थितिकी संवेदी जोन के रूप में सुरक्षित और संरक्षित करना तथा उक्त पारिस्थितिकी संवेदी जोन में उद्योगों या उद्योगों की श्रेणियों को और उनके प्रचालन तथा प्रसंस्करण को प्रतिषिद्ध करना आवश्यक है;

अतः अब, केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) के साथ पठित पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) (जिसे इसमें इसके पश्चात् पर्यावरण अधिनियम कहा गया है) की धारा 3 की उपधारा (1) तथा उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) एवं उपधारा (3) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मेघालय राज्य के पूर्व गारो हिल्स, पश्चिम गारो हिल्स और दक्षिण गारो हिल्स जिले में नोकरेक राष्ट्रीय उद्यान की सीमा के चारों ओर 0.272 किलोमीटर से 6.976 किलोमीटर तक विस्तारित क्षेत्र को नोकरेक राष्ट्रीय उद्यान पारिस्थितिकी संवेदी जोन (जिसे इसमें इसके पश्चात् पारिस्थितिकी संवेदी जोन कहा गया है) के रूप में अधिसूचित करती है, जिसका विवरण पैरा 1 में निर्दिष्ट है, पर्यावरण की सुरक्षा और गुणवत्ता में सुधार और पर्यावरण प्रदूषण को रोकने, नियंत्रित करने और कम करने के उद्देश्य से निम्नलिखित उपाय करना, अर्थात्:-

1. **पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार और सीमा.**-(1) पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार नोकरेक राष्ट्रीय उद्यान की सीमा के चारों ओर 0.272 किलोमीटर से 6.976 किलोमीटर तक विस्तृत है और पारिस्थितिकी संवेदी जोन का क्षेत्रफल 224 वर्ग किलोमीटर होगा।

(2) नोकरेक राष्ट्रीय उद्यान और इसके पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा का विवरण **उपाबंध-I** के रुप में संलग्न है।

(3) सीमा विवरण और अक्षांश और देशांतर के साथ पारिस्थितिकी संवेदी जोन को सीमांकित करते हुए नोकरेक राष्ट्रीय उद्यान का मानचित्र **उपाबंध-II** के रूप में संलग्न है।

(4) नोकरेक राष्ट्रीय उद्यान और पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा के भू-निर्देशांकों की सूचियां **उपाबंध -III** की सारणी **क** और सारणी **ख** में दी गई **हैं।**

(5) मुख्य बिंदुओं के भू-निर्देशांकों के साथ पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले ग्रामों की सूची **उपाबंध -IV** के रुप में संलग्न है।

2. पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना.– (1) राज्य सरकार, द्वारा पारिस्थितिकी संवेदी जोन के प्रयोजन के लिए, राजपत्र में अंतिम अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर, स्थानीय व्यक्तियों के परामर्श से एक आंचलिक महायोजना बनाई और अधिसूचित की जायेगी और राज्य में सक्षम प्राधिकारी द्वारा सम्यक रूप से अनुमोदित किया जाएगा ।

राज्य सरकार, इको-सेंसिटिव ज़ोन के प्रयोजनों के लिए, स्थानीय लोगों के परामर्श से, आधिकारिक राजपत्र में

इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से दो साल की अवधि के भीतर एक जोनल मास्टर प्लान तैयार और अधिसूचित करेगी।

(2) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आचंलिक महायोजना अधिसूचना में विनिर्दिष्ट रीति से तथा उस समय लागू प्रासंगिक विधियों के अनुरूप तथा केंद्रीय सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों, यदि कोई हों, के अनुसार बनायी जाएगी।

(3) आंचलिक महायोजना में पारिस्थितिकी और पर्यावरण संबंधी सरोकारों को शामिल करने के लिए इसे राज्य सरकार के निम्नलिखित विभागों के परामर्श से बनाया जाएगा, अर्थात्:-

(i) पर्यावरण;

(ii) वन और वन्यजीव;

(iii) कृषि;

(iv) भूमि राजस्व और आपदा प्रबंधन;

(v) शहरी मामले;

(vi) जिला परिषद मामले;

(vii) पर्यटन;

(viii) सामुदायिक और ग्रामीण विकास;

(ix) जल संसाधन;

(x) नगरपालिका;

(xi) पंचायती राज;

(xii) मेघालय राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड; और

(xiii) लोक निर्माण विभाग।

(4) जब तक इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हो, आंचलिक महायोजना में वर्तमान में अनुमोदित भू-उपयोग, अवसंरचना और क्रियाकलापों पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया जाएगा तथा आचंलिक महायोजना में सभी अवसंरचनाओं और क्रियाकलापों में सुधार करके उन्हे अधिक दक्ष और पारिस्थितिकी-अनुकूल बनाने की व्यवस्था की जाएगी।

(5) आंचलिक महायोजना में वनरहित और अवक्रमित क्षेत्रों के सुधार, विद्यमान जल निकायों के संरक्षण, जलग्रहण क्षेत्रों के प्रबंधन, जल-संभरों के प्रबंधन, भू-जल के प्रबंधन, मृदा और नमी के संरक्षण, स्थानीय जनता की आवश्यकताओं तथा पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण के ऐसे अन्य पहलुओं की व्यवस्था की जाएगी जिन पर ध्यान दिया जाना आवश्यक है।

(6) आंचलिक महायोजना में सभी विद्यमान पूजा स्थलों, ग्रामों एवं शहरी बस्तियों, वनों की श्रेणियों एवं किस्मों, कृषि क्षेत्रों, ऊपजाऊ भूमि, उद्यानों एवं उद्यानों की तरह के हरित क्षेत्रों, बागवानी क्षेत्रों, बगीचों, मछली पालन क्षेत्र, पशुपालन स्थल (खुटी), ऑर्किड, झीलों और अन्य जल निकायों की सीमा का सहायक मानचित्र के साथ निर्धारण किया जाएगा और योजना में मौजूदा और प्रस्तावित भू-उपयोग की विशेषताओं का ब्यौरा देते हुए मानचित्रों को भी दर्शाया जाएगा।

(7) आंचलिक महायोजना में पारिस्थितिकी संवेदी जोन में विकासात्मक क्रियाकलापों को विनियमित करने के लिए प्रक्रिया प्रदान करेगा और सारणी में यथासूचीबद्ध पैराग्राफ 4 में प्रतिषिद्ध एवं विनियमित क्रियाकलापों का पालन किया जाएगा और इसमें स्थानीय जनता की आजीविका की सुरक्षा के लिए पारिस्थितिकी-अनुकूल विकास का भी सुनिश्चय एवं संवर्धन किया जाएगा।

(8) आंचलिक महायोजना, क्षेत्रीय विकास योजना की सह-कालिक होगी ।

(9) राज्य सरकार द्वारा बनाई और अधिसूचित की गई आंचलिक महायोजना, निगरानी समिति के लिए एक संदर्भ दस्तावेज होगी ताकि वह इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुसार निगरानी के अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सके।

3. **राज्य सरकार द्वारा किए जाने वाले उपाय.-** राज्य सरकार इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी बनाने के लिए निम्नलिखित उपाय करेगी, अर्थात्:-

(1) **भू-उपयोग.–** (क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में वनों, बागवानी क्षेत्रों, कृषि क्षेत्रों, मनोरंजन के लिए चिन्हित उद्यानों और खुले स्थानों का वृहद वाणिज्यिक या आवासीय परिसरों या औद्योगिक क्रियाकलापों के लिए प्रयोग या संपरिवर्तन अनुमत नहीं किया जाएगा:

परंतु पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर इस मामले में, विनिर्दिष्ट प्रयोजन से भिन्न प्रयोजन के लिए कृषि और अन्य भूमि का संपरिवर्तन, निगरानी समिति की सिफारिश पर और सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन से मेघालय क्षेत्रीय नगर योजना अधिनियम, (1973), सक्षम प्राधिकारी तथा यथा लागू केन्द्रीय सरकार एवं राज्य सरकार के अन्य नियमों एवं विनियमों के अधीन तथा इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुसार स्थानीय निवासियों की निम्नलिखित आवासीय जरूरतों को पूरा करने के लिए अनुमत किया जाएगा जैसे:-

(i) विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना, उन्हें सुदृढ़ करना और नई सड़कों का निर्माण करना;

(ii) बुनियादी ढांचों और नागरिक सुविधाओं का संनिर्माण और नवीकरण;

(iii) प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग;

(iv) कुटीर उद्योग एवं ग्राम उद्योग; पारिस्थितिकी पर्यटन में सहायक सुविधा भण्डार और स्थानीय सुविधाएं तथा गृह वास; और

(v) पैरा-4 में उल्लिखित बढ़ावा दिए गए क्रियाकलापः

परंतु यह भी कि क्षेत्रीय शहरी नियोजन अधिनियम के अधीन सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन के बिना तथा राज्य सरकार के अन्य लागू नियमों एवं विनियमों एवं संविधान के अनुच्छेद 244 और अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) भी आता है, का अनुपालन किए बिना वाणिज्यिक या औद्योगिक विकास क्रियाकलापों के लिए जनजातीय भूमि का प्रयोग अनुमत नहीं होगा:

परंतु यह भी कि पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाली भूमि के अभिलेखों में हुई किसी त्रुटि को, निगरानी समिति के विचार प्राप्त करने के पश्चात्, राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में एक बार सुधारा जाएगा और उक्त त्रुटि को सुधारने की सूचना केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को दी जाएगी:

परंतु यह भी कि उपर्युक्त त्रुटि को सुधारने में, इस उप-पैरा में यथा उपबंधित के सिवाय, किसी भी दशा में भू-उपयोग का परिवर्तन शामिल नहीं होगा।

(ख) अनुप्रयुक्त या अनुत्पादक कृषि क्षेत्रों में वनीकरण तथा पर्यावासों की बहाली के कार्यकलापों से पुन: वनीकरण के प्रयास किए जाएंगे।

(2) **प्राकृतिक जल निकाय.**- सभी प्राकृतिक जलमार्गों के जलग्रहण क्षेत्रों की पहचान की जाएगी और आंचलिक महायोजना में उनके संरक्षण और बहाली की योजना सम्मिलित की जाएगी और राज्य सरकार द्वारा दिशा-निर्देश इस रीति से तैयार किए जाएंगे कि उसमें ऐसे क्षेत्रों में या उसके पास विकास क्रियाकलापों को प्रतिषिद्ध और निर्बंधित किया गया हो।

(3) **पर्यटन एवं पारिस्थितिकी पर्यटन.–** (क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में सभी नए पारिस्थितिकी पर्यटन क्रियाकलाप या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार पारिस्थितिकी संवेदी जोन संबंधी पर्यटन महायोजना के अनुसार अनुमत होगा।

(ख) पारिस्थितिकी पर्यटन महायोजना राज्य सरकार के पर्यावरण और वन विभाग के परामर्श से राज्य सरकार के पर्यटन विभाग द्वारा बनायी जाएगी।

(ग) पर्यटन महायोजना आंचलिक महायोजना का घटक होगी।

(घ) पर्यटन महायोजना पारिस्थितिकी संवेदी जोन की वहन क्षमता के अध्ययन के आधार पर तैयार की जायेगी।

(ङ) पारिस्थितिकी पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप निम्नानुसार विनियमित किए जाएंगे, अर्थात्:-

(i) संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक, इनमें जो भी अधिक निकट हो, किसी होटल या रिजॉर्ट का नया सन्निर्माण अनुमत नहीं किया जाएगाः

परंतु यह, पारिस्थितिकी पर्यटन सुविधाओं के लिए संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर की दूरी से परे पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक पूर्व परिभाषित और अभीहित क्षेत्रों में पर्यटन महायोजना के अनुसार, नए होटलों और रिजॉर्ट की स्थापना अनुमत होगी;

(ii) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अन्दर सभी नए पर्यटन क्रियाकलापों या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार, केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों तथा पारिस्थितिकी पर्यटन, पारिस्थितिकी-शिक्षा और पारिस्थितिकी-विकास पर बल देने वाले राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण द्वारा जारी पारिस्थितिकी पर्यटन संबंधी दिशानिर्देशों (समय-समय पर यथा संशोधित) के अनुसार होगा;

(iii) आंचलिक महायोजना का अनुमोदन होने तक, पर्यटन के विकास और विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों के विस्तार को वास्तविक स्थल-विशिष्ट संवीक्षा तथा निगरानी समिति की सिफारिश के आधार पर संबंधित विनियामक प्राधिकरणों द्वारा अनुमत किया जाएगा और पारिस्थितिकी संवेदी जोन में किसी नए होटल/ रिजॉर्ट या वाणिज्यिक प्रतिष्ठान का संन्निर्माण अनुमत नहीं होगा ।

(4) **प्राकृतिक विरासत.–** पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले बहुमूल्य प्राकृतिक विरासत के सभी स्थलों जैसे कि जीन पूल रिजर्व क्षेत्र, शैल संरचना, जल प्रपात, झरने, दर्रे, उपवन, गुफाएं, स्थल, वनपथ, रोहण मार्ग, उत्प्रपात, आदि की पहचान की जाएगी और उनकी सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए आंचलिक महायोजना के भाग के रूप में एक विरासत संरक्षण योजना बनायी जाएगी।

(5) **मानव निर्मित विरासत स्थल.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में भवनों, संरचनाओं, कलाकृति-क्षेत्रों तथा ऐतिहासिक, स्थापत्य संबधी, सौंदर्यात्मक और सांस्कृतिक महत्व के क्षेत्रों की पहचान की जाएगी और उनके संरक्षण के लिए आंचलिक महायोजना के भाग के रूप में एक विरासत संरक्षण योजना बनायी जाएगी।

(6) **ध्वनि प्रदूषण.**- पर्यावरण अधिनियम के अधीन ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम, 2000 में नियत उपबंधों के अनुसार पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण किया जाएगा ।

(7) **वायु प्रदूषण.**- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में, वायु प्रदूषण का निवारण और नियंत्रण, वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ।

(8) **बहिस्राव का निस्सरण.**- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में उपचारित बहिस्राव का निस्सरण, पर्यावरण अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों के अधीन आने वाले पर्यावरणीय प्रदूषण के निस्सरण के लिए साधारण मानकों या राज्य सरकार द्वारा नियत मानकों, जो भी अधिक कठोर हो, के उपबंधों के अनुसार होगा।

(9) **ठोस अपशिष्ट.-** ठोस अपशिष्ट का निपटान एवं प्रबन्धन निम्नानुसार किया जाएगा:-

(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ठोस अपशिष्ट का निपटान और प्रबंधन ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा और अकार्बनिक पदार्थो का निपटान पारिस्थितिकी संवेदी जोन से बाहर चिन्हित किए गए स्थानों पर पर्यावरण-अनुकूल रीति से किया जाएगा;

(ख) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में मान्य प्रौद्योगिकियों का प्रयोग करते हुए विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप ठोस अपशिष्ट का सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल प्रबंधन (ईएसएम) अनुमत किया जायेगा।

(10) **जैव चिकित्सा अपशिष्ट.**- जैव चिकित्सा अपशिष्ट का प्रबंधन निम्नानुसार किया जाएगा:-

(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में जैव चिकित्सा अपशिष्ट का निपटान जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा;

(ख) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में मान्य प्रौद्योगिकियों का प्रयोग करते हुए विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप जैव चिकित्सा अपशिष्ट का सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल प्रबंधन अनुमत किया जायेगा।

(11) **प्लास्टिक अपशिष्ट का प्रबंधन.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्लास्टिक अपशिष्ट का प्रबंधन प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधो के अनुसार किया जाएगा।

(12) **निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट का प्रबंधन.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट का प्रबंधन, संनिर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(13) **ई–अपशिष्ट.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ई–अपशिष्ट का प्रबंधन, ई–अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(14) **सड़क-यातायात.-** सड़क-यातायात को पर्यावास-अनुकूल तरीके से विनियमित किया जाएगा और इस संबंध में आंचलिक महायोजना में विशेष उपबंध शामिल किए जाएंगे, आंचलिक महायोजना के तैयार होने और राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी से अनुमोदित होने तक, निगरानी समिति सुसंगित अधिनियमों और उनके अधीन बनाए गए नियमों एवं विनियमों के अनुसार सड़क-यातायात के अनुपालन की निगरानी करेगी।

(15) **वाहन जनित प्रदूषण.-** वाहन जनित प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण लागू विधियों के अनुसार किया जाएगा और स्वच्छतर ईंधन के उपयोग के लिए प्रयास किए जाएंगे ।

(16) **औद्योगिक ईकाइयां.-** (क) राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन पर या उसके पश्चात पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर कोई नए प्रदूषणकारी उद्योगों की स्थापना की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी।

(ख) केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा फरवरी, 2016 में जारी समय-समय पर यथा संशोधित मार्गदर्शक सिद्धान्तों में उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार, जब तक कि अधिसूचना में इस प्रकार विनिर्दिष्ट न हो, पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर केवल गैर-प्रदूषणकारी उद्योगों को अनुज्ञात किया जाएगा और इसके अतिरिक्त, गैर प्रदूषणकारी उद्योगों को बढ़ावा दिया जाएगा।

(17) **पहाड़ी ढलानों का संरक्षण.-** पहाड़ी ढलानों का संरक्षण निम्नानुसार किया जाएगा:-

(क) आंचलिक महायोजना में पहाड़ी ढलानों के उन क्षेत्रों को दर्शाया जाएगा जिनमें किसी भी संनिर्माण की अनुज्ञा नहीं होगी;

(ख) जिन ढलानों या विद्यमान खड़ी पहाड़ी ढलानों में अत्यधिक भू-क्षरण होता है उनमें किसी भी संनिर्माण की अनुज्ञा नहीं होगी ।

4. पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्रतिषिद्ध या विनियमित किए जाने वाले क्रियाकलापों की सूची- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में सभी क्रियाकलाप, पर्यावरण अधिनियम के उपबंधों और तटीय विनियमन जोन अधिसूचना, 2011, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय में भारत सरकार की अधिसूचना संख्या एस.ओ. 1533 (अ) दिनांक 14 सितंबर, 2006 और अन्य लागू नियमों तथा नीचे दी गई सारणी में विनिर्दिष्ट रीति से विनियमित होंगे, अर्थात्:-

सारणी

क्रम सं. (1)	क्रियाकलाप (2)	टिप्पणी (3)
	क. प्रतिषिद्ध क्रियाकलाप	
1.	वाणिज्यिक खनन, पत्थर उत्खनन और अपघर्षण इकाइयां ।	(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत वास्तविक स्थानीय निवासियों की घरेलू आवश्यकताओं जिसमें मकानों के संनिर्माण या मरम्मत के लिए धरती को खोदना सम्मिलित है, के सिवाय सभी प्रकार के नए और विद्यमान खनन (लघु और वृहत खनिज), पत्थर उत्खनन और अपघर्षण इकाइयां तत्काल प्रभाव से प्रतिषिद्ध

		होंगी। (ख) खनन प्रचालन, 1995 की रिट याचिका (सिविल) सं. 202 में टी.एन. गौडाबर्मन थिरुमूलपाद बनाम भारत संघ के मामले में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 4 अगस्त, 2006 के आदेश और 2012 की रिट याचिका (सिविल) सं. 435 में गोवा फाउंडेशन बनाम भारत संघ के मामले में तारीख 21 अप्रैल, 2014 के आदेश के अनुसरण में होगा ।
2.	प्रदूषण (जल, वायु, मृदा, ध्वनि, आदि) उत्पन्न करने वाले उद्योगों की स्थापना ।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन में नए उद्योग और मौजूदा रेड कैटेगरी के उद्योगों के विस्तार की अनुमति नहीं दी जाएगी। उद्योगों के वर्गीकरण पर सीपीसीबी के दिशानिर्देश, 2016 उनके पत्र संख्या बी-29012/ईएसएस (सीपीए)/2015-2016 दिनांक 07.03.2016 द्वारा लागू होंगे।
3.	बड़ी जल विद्युत परियोजनाओं की स्थापना ।	प्रतिषिद्ध।
4.	किसी परिसंकटमय पदार्थ का प्रयोग या उत्पादन या प्रस्संकरण।	प्रतिषिद्ध।
5.	प्राकृतिक जल निकायों या भूमि क्षेत्र में अनुपचारित बहिस्रावों का निस्सरण ।	प्रतिषिद्ध।
6.	नई आरा मिलों की स्थापना।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर नई और विद्यमान आरा मिलों के विस्तार के लिए अनुमति नहीं होगी ।
7.	ईंट भट्टों की स्थापना करना।	प्रतिषिद्ध।
8.	जलावन लकड़ी का वाणिज्यिक उपयोग ।	प्रतिषिद्ध।
ख.विनियमित क्रियाकलाप		
9.	होटलों और रिसोर्टों की वाणिज्यिक स्थापना ।	पारिस्थितिकी पर्यटन क्रियाकलापों हेतु लघु अस्थायी संरचनाओं के निर्माण के सिवाय, संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक, इनमें जो भी अधिक निकट हो, नए वाणिज्यिक होटलों और रिसोर्टों की स्थापना की अनुमति नहीं होगी: परंतु, संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर बाहर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक, इनमें जो भी अधिक निकट हो, पर्यटन महायोजना और लागू मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार सभी नए पर्यटन क्रियाकलाप करने या विद्यमान क्रियाकलापों का विस्तार करने की अनुज्ञा होगी ।
10.	फर्मों, कारपोरेट और कंपनियों द्वारा बड़े पैमाने पर वाणिज्यिक पशुधन संपदा और कुक्कुट फार्मों की स्थापना ।	स्थानीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए लागू विधियों के अधीन विनियमित (अन्यथा प्रदान किए गए) होंगे ।

11.	संनिर्माण क्रियाकलाप ।	(क) संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक जो भी निकट हो, किसी भी प्रकार का वाणिज्यिक संनिर्माण अनुमत नहीं किया जाएगा: परंतु स्थानीय लोगों को पैराग्राफ 3 के उप पैराग्राफ (1) में सूचीबद्ध क्रियाकलापों सहित उनके उपयोग के लिए उनकी भूमि में स्थानीय निवासियों की आवासीय आवश्यकताओं को पूरा करने लिए संनिर्माण करने की अनुमत भवन उपविधियों के अनुसार दी जाएगी। परन्तु ऐसे लघु उद्योगों जो प्रदूषण उत्पन्न नहीं करते हैं, से संबंधित संनिर्माण क्रियाकलाप विनियमित किए जाएंगे और लागू नियमों और विनियमों, यदि कोई हों, के अनुसार सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति से ही न्यूनतम पर रखे जाएंगे । (ख) एक किलोमीटर से आगे आंचलिक महायोजना के अनुसार विनियमित होंगे ।
12.	गैर प्रदूषणकारी लघु उद्योग।	फरवरी, 2016 में केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी, समय-समय पर यथा संशोधित उद्योगों में वर्गीकरण के अनुसार गैर-प्रदूषणकारी उद्योग और अपरिसंकटमय, लघु और सेवा उद्योग, कृषि, पुष्प कृषि, बागवानी या पारिस्थितिकी संवेदी जोन से देशी सामग्री से उत्पादों को उत्पन्न करने वाले कृषि आधारित उद्योग सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुज्ञात होंगे।
13.	वृक्षों की कटाई ।	(क) राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना वन भूमि या सरकारी या राजस्व या निजी भूमि पर वृक्षों की कटाई नहीं होगी । (ख) वृक्षों की कटाई संबंधित केंद्रीय या राज्य के अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार विनियमित होगी ।
14.	वन उत्पादों और गैर काष्ठ वन उत्पादों का संग्रहण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
15.	विद्युत और संचार टॉवर लगाने, तार-बिछाने तथा अन्य बुनियादी ढांचे की व्यवस्था ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित (भूमिगत केबल बिछाने को बढ़ावा दिया जाएगा) होगा।
16.	नागरिक सुविधाओं सहित बुनियादी ढांचा।	लागू विधियों, नियमों और विनियमनों और उपलब्ध मार्गदर्शक सिद्धांतों के साथ न्यूनीकरण उपाय करना।
17.	विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना, उन्हें सुदृढ बनाना और नई सड़कों का निर्माण।	लागू विधियों, नियमों और विनियमनों और उपलब्ध मार्गदर्शक सिद्धांतों के साथ न्यूनीकरण उपाय करना।
18.	पर्यटन से संबंधित अन्य क्रियाकलाप जैसे गर्म वायु गुब्बारें, हेलीकॉप्टर, ड्रोन, माइक्रोलाइटस, आदि द्वारा पारिस्थितिकी संवेदी जोन क्षेत्र	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।

	के ऊपर से उड़ना जैसे क्रियाकलाप करना।	
19.	पहाड़ी ढालों और नदी तटों का संरक्षण।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा।
20.	रात्रि में वाहन यातायात का संचलन।	लागू विधियों के अधीन वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए विनियमित होगा।
21.	स्थानीय जनता द्वारा अपनायी जा रही वर्तमान कृषि और बागवानी पद्धतियों के साथ डेयरियां, दुग्ध उत्पादन, जल कृषि और मत्स्य पालन।	स्थानीय लोगों के उपयोग के लिए लागू विधियों के अधीन अनुज्ञात होगा।
22.	प्राकृतिक जल निकायों या भू क्षेत्र में उपचारित अपशिष्ट जल/बहिर्स्राव का निस्सरण।	जल निकायों में उपचारित अपशिष्ट जल या बहिर्स्राव के निस्सरण से बचा जाएगा और उपचारित अपशिष्ट जल के पुनर्चक्रण और पुन:उपयोग के प्रयास किए जाएंगे। अन्यथा उपचारित अपशिष्ट जल या बहिर्स्राव का निस्सरण लागू विधियों के अनुसार विनियमित किया जाएगा।
23.	सतही और भूजल का वाणिज्यिक प्रयोग एवं निष्कर्षण।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा।
24.	कृषि और अन्य उपयोग के लिए खुले कुंआ, बोर कुंआ, आदि।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा।
25.	पोलिथीन बैगों का उपयोग।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा।
26.	ठोस अपशिष्ट का प्रबन्धन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा।
27.	विदेशी प्रजातियों को लाना।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा।
28.	पारिस्थितिकी पर्यटन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा।
29.	वाणिज्यिक संकेत बोर्ड और होर्डिंग का प्रयोग।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा।
ग. संवर्धित क्रियाकलाप		
30.	वर्षा जल संचय।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
31.	जैविक खेती।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
32.	सभी क्रियाकलाप के लिए हरित प्रौद्योगिकी का अंगीकरण।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
33.	ग्रामीण कारीगरी सहित कुटीर उद्योग।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
34.	नवीकरणीय ऊर्जा और ईंधन का प्रयोग।	बायोगैस, सौर प्रकाश इत्यादि को सक्रिय बढ़ावा दिया जाएगा।
35.	कृषि वानिकी।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
36.	बागान लगाना और जड़ी बूटियों का रोपण।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।

37.	पारिस्थितिकी अनुकूल परिवहन का प्रयोग ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
38.	कौशल विकास ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
39.	अवक्रमित भूमि या वनों या पर्यावासों की बहाली ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
40.	पर्यावरण के प्रति जागरुकता।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।

5. निगरानी समिति.- इस अधिसूचना के उपबंधों की प्रभावी निगरानी के लिए, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 3 की उपधारा (3) के अधीन केन्द्रीय सरकार एक निगरानी समिति का गठन करती है, जो निम्नलिखित से मिलकर बनेगी, अर्थात्:-

i. वन संरक्षक (क्षेत्रीय और वन्यजीव), गारो हिल्स, मेघालय सरकार- अध्यक्ष,पदेन;

ii. पूर्व गारो हिल्स डिस्ट्रिक्ट, वेस्ट गारो हिल्स डिस्ट्रिक्ट और साउथ गारो हिल्स डिस्ट्रिक्ट के प्रत्येक तीन जिलों के डिप्टी कमिश्नर के कार्यालय से अतिरिक्त सहायक आयुक्त के पद से नीचे का प्रतिनिधि नहीं होना चाहिए- सदस्य, पदेन;

iii. मुख्य वन अधिकारी, गारो हिल्स स्वायत्त जिला परिषद (जीएचएडीसी)- सदस्य, पदेन;

iv. राजस्व और आपदा प्रबंधन विभाग, मेघालय सरकार के उप सचिव के पद से नीचे का प्रतिनिधि नहीं होना चाहिए- सदस्य, पदेन;

v. मेघालय सरकार द्वारा नामित प्रकृति संरक्षण (विरासत संरक्षण सहित) के क्षेत्र में कार्यरत गैर-सरकारी संगठन का एक प्रतिनिधि- सदस्य;

vi. मेघालय राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का एक प्रतिनिधि- सदस्य, पदेन;

vii. मेघालय सरकार द्वारा नामित किए जाने वाले प्रतिष्ठित संस्थान/विश्वविद्यालय से पारिस्थितिकी में एक विशेषज्ञ- सदस्य;

viii. राज्य सरकार द्वारा नामित जैव विविधता में एक विशेषज्ञ- सदस्य;

ix. प्रभागीय वन अधिकारी, गारो हिल्स वन्यजीव प्रभाग, तुरा- सदस्य-सचिव, पदेन।

6. निगरानी समिति के कार्य.-

(1) निगरानी समिति वास्तविक स्थल-विशिष्ट स्थितियों के आधार पर छानबीन करेगी, भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1533(अ), तारीख 14 सितंबर, 2006 की अनुसूची में सम्मिलित और पारिस्थितिकी संवेदी जोन में आने वाले क्रियाकलापों और इस अधिसूचना के पैराग्राफ 4 के अधीन सारणी में यथा विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध गतिविधियों के सिवाय आने वाले ऐसे क्रियाकलापों की वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं के आधार पर निगरानी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उक्त अधिसूचना के उपबंधों के अधीन पूर्व पर्यावरण अनापत्ति लेने के लिए केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को निर्दिष्ट की जाएंगी।

(2) इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन सारणी में यथा विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के सिवाय, भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का.आ. 1533(अ), तारीख 14 सितंबर, 2006 की अधिसूचना के अनुसूची के अधीन ऐसे क्रियाकलापों, जिन्हें सम्मिलित नहीं किया गया है, परंतु जो पारिस्थितिकी संवेदी जोन में आते हैं, ऐसे क्रियाकलापों की वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं के आधार पर निगरानी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उसे संबद्ध विनियामक प्राधिकरणों को निर्दिष्ट किया जाएगा ।

(5) निगरानी समिति का सदस्य-सचिव या संबंधित उपायुक्त ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध, जो इस अधिसूचना के किसी उपबंध का उल्लंघन करता है, पर्यावरण अधिनियम की धारा 19 के अधीन परिवाद दायर करने के लिए सक्षम होगा।

(6) निगरानी समिति संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों या विशेषज्ञों, औद्योगिक संघों के प्रतिनिधियों या संबंधित पक्षों को, प्रत्येक मामले मे आवश्यकता के अनुसार, अपने विचार-विमर्श में सहायता के लिए आमंत्रित कर सकेगी ।

(7) निगरानी समिति प्रत्येक वर्ष 31 मार्च की स्थिति के अनुसार अपनी वार्षिक कार्रवाई रिपोर्ट, राज्य के मुख्य वन्यजीव वार्डन को, उपाबंध-V में दिए गए प्रपत्र के अनुसार, उस वर्ष की 30 जून तक प्रस्तुत करेगी ।

(8) केन्द्रीय सरकार का पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय निगरानी समिति को उसके कार्य-कलापों के प्रभावी निर्वहन के लिए ऐसे निदेश दे सकेगा जो वह उचित समझे ।

7. अतिरिक्त उपाय.- इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी बनाने के लिए केंद्रीय सरकार और राज्य सरकार, अतिरिक्त उपाय, यदि कोई हों, विनिर्दिष्ट कर सकेंगी।

8. न्यायालय और न्यायाधिकरण के आदेश.- इस अधिसूचना के उपबंध भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय या राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा पारित किए गए या पारित किए जाने वाले आदेश, यदि कोई हो, के अध्यधीन होंगे ।

[फा.सं. 25/25/2015-ईएसजेड-आरई]

डॉ. एस. करकेट्टा ,वैज्ञानिक 'जी'

उपाबंध - I

क. मेघालय, नोकरेक राष्ट्रीय उद्यान की सीमा का विवरण

उत्तर: राष्ट्रीय उद्यान रोंगमा-परोमगरे ए'किंग, नो मैन्स भूमि नबोक्गरे, सोबोक्गरे, अदुगरे ए'किंग और नो मैन्स भूमि के भाग के उत्तरी भाग द्वारा उत्तर में घिरा हुआ है। बैंगसिंगगरिया'किंग का उत्तरी भाग और नो मैन्स भूमि का भाग। अमपनगगरे, बंदीगरे ए'किंग का उत्तरी भाग और नो मैन्स भूमि का भाग। दुराकालाकगरे, सकलगरेखास भूमि और दरेचीकगरे ए'किंग का उत्तरी भाग।

पूर्व: रोंगमा परोमगरे ए किंग, अरौक नोकटगरे ए किंग और रोंगमा-दबलगरे ए किंग के पूर्वी भाग द्वारा पूर्व में घिरा हुआ है।

दक्षिण: दारेंगगरे ए किंग, रोंगकुगरे एकिंग, दुराअसीमगगरे और दुरा अमीनगगरे और दुराअबानदाएकिंग के दक्षिणी भाग, अवेगिरि, अंचीगरे, वगेचीरीनगगरे, रोंगदोगरे और दोमा अदीनगगरे ए किंग के दक्षिणी भाग द्वारा दक्षिण में घिरा हुआ है।

पश्चिम: तुरा जलग्रहण क्षेत्र और दरेंगरे ए'किंग द्वारा पश्चिम में घिरा हुआ है।

ख. मेघालय, नोकरेक राष्ट्रीय उद्यान के चारों ओर पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा का विवरण

प्रस्तावित पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सामान्य सीमा का विवरणः

उत्तर: उत्तरी सीमा ग्रामों जैसे दुरा कालाकगरे (25°30'21.363" उ एवं 90° 18' 59.373" पू) संरक्षित क्षेत्र से लगभग 3.12 किलोमीटर, संरक्षित क्षेत्र से लगभग 5 किलोमीटर मंडलगरे (25° 31' 3.205" उ एवं 90° 22' 8.718" पू) मंडल नोकत (25° 30' 28.331" उ एवं 90° 20' 5.867" पू) जो संरक्षित क्षेत्र से लगभग 4.43 किलोमीटर है, संरक्षित क्षेत्र से लगभग 2.36 किलोमीटर बनसींगगरे (25° 29' 17.239" उ एवं 90° 26' 52.385"पू) बंदीगरे (उ 25.506783 एवं पू 090.400317) जो संरक्षित क्षेत्र से 3.39 किलोमीटर से बना हुआ है।

पूर्व: पूर्वी सीमा के अंतर्गत ग्रामों जैसे ककवा दुरागरे (25° 25' 49.291" उ एवं 90° 33' 14.669" पू) है जो संरक्षित क्षेत्र से सिर्फ लगभग 0.42 किलोमीटर है।

पश्चिम: पश्चिमी सीमा ग्रामों जैसे नीकरंग ए किंग (25° 30' 46.245" उ एवं 90° 13' 47.204" पू), जो लगभग 1.77 किलोमीटर है और दरेंगरे (25° 28' 55.538" उ एवं 90° 14' 17.126" पू) जो संरक्षित क्षेत्र से लगभग 1.80 किलोमीटर है, से बनी ।

दक्षिण: दक्षिणी सीमा के अंतर्गत ग्रामों जैसे अंचीगरे (25° 25' 50.634" उ एवं 90° 19' 7.181" पू) जो क्षेत्र से लगभग 2.33 किलोमीटर है और रोंगासीगरे (25° 25' 19.764" उ एवं 90° 25' 31.539" पू) जो संरक्षित क्षेत्र से लगभग 2.81 किलोमीटर आते है।

भू-निर्देशांकों के साथ प्रस्तावित पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा का विवरणः

उत्तर: पारिस्थितिकी संवेदी जोन की उत्तरी सीमा 25° 31' 43.055" उ 90° 14' 37.710"पू, में स्टेशन सं. 1 में रोंगखोन धारा प्रवाह पर बिंदु से आरंभ होती है, इसके बाद 25° 31' 34.284" उ 90° 15' 15.126" पू में स्टेशन सं. 2 के दक्षिण पूर्वी दिशा की ओर जाती है, इसके बाद 25° 31' 20.913" उ 90° 15' 40.744" पू में स्टेशन सं. 3 के दक्षिण-पूर्वी दिशा की ओर जाती है, इसके बाद 25° 31' 8.311" उ 90° 16' 4.669" पू में स्टेशन सं. 4 के दक्षिण-पूर्वी दिशा की ओर जाती है, इसके बाद 25° 31' 7.307" उ 90° 16' 33.042" पू में स्टेशन सं. 5 के पूर्वी दिशा की ओर जाती है, इसके बाद 25° 31' 9.281" उ 90° 16' 58.518" पू में स्टेशन सं. 6 के गनोल नदी के निकट पूर्वी दिशा की ओर जाती है, इसके बाद 25° 31' 33.509" उ 90° 17' 9.333" पू में स्टेशन सं. 7 के गनोल नदी के साथ उत्तरी दिशा की ओर जाती है, इसके बाद 25° 31' 34.291" उ 90° 17' 27.016" पू में स्टेशन सं. 8 के उत्तर-पूर्वी दिशा की ओर जाती है, इसके बाद 25° 31' 27.856" उ 90° 17' 56.720" पू में स्टेशन सं. 9 के पूर्वी दिशा की ओर जाती है, इसके बाद 25° 31' 9.564" उ 90° 18' 13.531" पू में स्टेशन सं. 10 के दक्षिण-पूर्वी दिशा की ओर जाती है, इसके बाद 25° 30' 51.885" उ 90° 18' 28.494" पू में स्टेशन सं. 11 के दक्षिण-पूर्वी दिशा की ओर जाती है, इसके बाद 25° 30' 37.010" उ 90° 18' 40.751" पू में स्टेशन सं. 12 के गनोलसा बांध के निकट दुराकालाकगरे ए किंग के साथ दक्षिण-पूर्वी दिशा की ओर जाती है, इसके बाद 25° 30' 21.363" उ 90° 18' 59.373" पू में स्टेशन सं. 13 के दुराकालाकगरे-बालादिनगगरे ग्राम सड़क के त्रि-जंक्शन के दक्षिण-पूर्वी दिशा की ओर जाती है, इसके बाद 25° 30' 21.295" उ 90° 19' 38.360" पू में स्टेशन सं. 14 के पूर्वी दिशा की ओर जाती है, इसके बाद 25° 30' 28.331" उ 90° 20' 5.867" पू में स्टेशन सं. 15 के मंडल नोकट ग्राम के उत्तर-पूर्वी दिशा की ओर जाती है, इसके बाद 25° 30' 28.836" उ 90° 20' 36.590" पू में स्टेशन सं. 16 में सीमसंग नदी के उत्तर-पूर्वी दिशा की ओर जाती है, इसके बाद 25° 30' 55.032" उ 90° 21' 1.184" पू में स्टेशन सं. 17 के सीमसंग नदी के साथ उत्तर-पूर्वी दिशा की ओर जाती है, इसके बाद 25° 31' 14.757" उ 90° 21' 29.967" पू में स्टेशन सं. 18 के सीमसंग नदी से मंडल नदी के साथ उत्तर-पूर्वी दिशा की ओर जाती है, इसके बाद 25° 31' 3.205" उ 90° 22' 8.718" पू स्टेशन सं. 19 के मंडलगरे ग्राम ऊंच पहाड़ी के साथ दक्षिण-पूर्वी दिशा की ओर जाती है, इसके बाद 25° 30' 53.438" उ 90° 22' 45.611" पू में स्टेशन सं. 20 के रोंगकिंगगरे से बंदीगरे ग्राम के साथ दक्षिण-पूर्वी दिशा की ओर जाती है, इसके बाद 25° 30' 45.368" उ 90° 23' 18.318" पू में स्टेशन सं. 21 के रोंगकिंगगरे से बंदीगरे ग्राम के साथ दक्षिण-पूर्वी दिशा की ओर जाती है, इसके बाद 25° 30' 29.397" उ 90° 23' 40.846" पू में स्टेशन सं. 22 के रोंगबैंग नदी के निकट दक्षिण-पूर्वी दिशा की ओर जाती है, इसके बाद 25° 30' 18.441" उ 90° 24' 6.285" पू में स्टेशन सं. 23 के बंदीगरे से अम्पनगगरे ग्राम सड़क के साथ दक्षिण-पूर्वी दिशा की ओर जाती है, इसके बाद 25° 29' 58.209" उ 90° 24' 44.259" पू में स्टेशन सं. 24 के अन्पनगगरे ग्राम के साथ दक्षिण-पूर्वी दिशा की ओर जाती है, इसके बाद 25° 29' 34.396" उ 90° 25' 9.239" पू में स्टेशन सं. 25 के दक्षिण-पूर्वी दिशा की ओर जाती है, इसके बाद 25° 29' 18.701" उ 90° 25' 43.667" पू में स्टेशन सं. 26 के दक्षिण-पूर्वी दिशा की ओर जाती है, इसके बाद 25° 29' 24.092" उ 90° 26' 14.266" पू में स्टेशन सं. 27 में कम्पील नदी के उत्तर-पूर्वी दिशा की ओर जाती है, इसके बाद 25° 29' 3.962" उ 90° 26' 31.398" पू में स्टेशन सं. 28 के वकिदनांग धारा प्रवाह के साथ दक्षिण-पूर्वी की ओर जाती है, इसके बाद 25° 29' 17.239" उ 90° 26' 52.385" पू में स्टेशन सं. 29 के वकदिनांग धारा प्रवाह के साथ उत्तर-पूर्वी

की ओर जाती है, इसके बाद सीधी रेखा के साथ पूर्वी दिशा की ओर जाती है और 25° 29' 12.314" उ 90° 27' 22.152" पू में स्टेशन सं. 30 में मिलती है, इसके बाद 25° 29' 3.748" उ 90° 27' 57.059" पू में स्टेशन सं. 31 के उच्च पहाड़ी के साथ पूर्वी दिशा की ओर जाती है, इसके बाद 25° 28' 52.299" उ 90° 28' 35.251" पू में स्टेशन सं. 32 के जींगमगरे ग्राम के निकट सीधी रेखा के साथ दक्षिण-पूर्वी दिशा की ओर जाती है, इसके बाद 25° 29' 5.898" उ 90° 28' 31.986" पू में स्टेशन सं. 33 के उत्तरी दिशा की ओर जाती है, इसके बाद 25° 29' 24.172" उ 90° 28' 58.371" पू में स्टेशन सं. 34 के नेनगसंग अदुगरे और जींगमगरे ग्राम के बीच दोसीम नदी के साथ उत्तर-पूर्वी दिशा की ओर जाती है, इसके बाद 25° 29' 13.053" उ 90° 29' 25.027" पू में स्टेशन सं. 35 के दोसीम नदी के साथ पूर्वी दिशा की ओर जाती है, इसके बाद 25° 29' 16.999" उ 90° 29' 59.056" पू में स्टेशन सं. 36 के पतलगरे ग्राम के साथ उत्तर-पूर्वी दिशा की ओर जाती है, इसके बाद 25° 29' 10.310" उ 90° 30' 20.720" पू में स्टेशन सं. 37 के पतलगरे ग्राम सड़क के साथ दक्षिण-पूर्वी दिशा की ओर जाती है, इसके बाद 25° 28' 55.588" उ 90° 30' 43.022" पू में स्टेशन सं. 38 के सोबोक चीरिंग/धारा प्रवाह के साथ दक्षिण-पूर्वी दिशा की ओर जाती है, इसके बाद सोबोक चीरिंग/धारा प्रवाह के साथ दक्षिणी दिशा की ओर जाती है और 25° 28' 33.998" उ 90° 30' 42.664" पू 39 में मिलती है, इसके बाद 25° 28' 7.114" उ 90° 31' 6.941" पू में स्टेशन सं. 40 के सोबोक चीरिंग/धारा प्रवाह के साथ दक्षिण-पूर्वी दिशा की ओर जाती है, इसके बाद 25° 27' 56.658" उ 90° 31' 41.550" पू में स्टेशन सं. 41 के सोबोक चीरिंग/धारा प्रवाह के निकट दक्षिणी-पूर्वी दिशा की ओर जाती है, इसके बाद 25° 27' 45.511" उ 90° 32' 15.758" पू में स्टेशन सं. 42 के नबोकगरे ग्राम के साथ सीधे जाते हुए दक्षिण-पूर्वी दिशा की ओर जाती है।

पूर्व : पारिस्थितिकी संवेदी जोन की पूर्वी सीमा 25° 27' 45.511" उ 90° 32' 15.758" पू में स्टेशन सं. 42 से आरंभ होती है, इसके बाद 25° 28' 3.908" उ 90° 32' 48.438" पू में स्टेशन सं. 43 के चीबोक नदी के निकट होते हुए दक्षिण-पूर्वी दिशा की ओर जाती है, इसके बाद 25° 27' 42.973" उ 90° 32' 56.804" पू में स्टेशन सं. 44 के चीबोक नदी के निकट दक्षिण-पूर्वी दिशा की ओर जाती है, इसके बाद 25° 27' 14.419" उ 90° 32' 52.879" पू में स्टेशन सं. 45 के कब्का रोंगबोकगरे ग्राम सड़क के साथ दक्षिण-पूर्वी दिशा की ओर जाती है, इसके बाद 25° 26' 50.513" उ 90° 33' 1.198" पू में स्टेशन सं. 46 के चेकडैम के साथ दक्षिण-पूर्वी दिशा की ओर जाती है, इसके बाद 25° 26' 24.112" उ 90° 33' 12.271" पू 47 के कब्का रोंगबोकगरे ग्राम सड़क के निकट होते हुए दक्षिण—पूर्वी दिशा की ओर जाती है, इसके बाद 25° 25' 49.291" उ 90° 33' 14.669" पू में स्टेशन सं. 48 के सीधी रेखा के साथ दक्षिण-पूर्वी दिशा की ओर जाती है, इसके बाद 25° 25' 35.817" उ 90° 34' 0.720" पू में स्टेशन सं. 49 के चीबे नदी के साथ पूर्वी दिशा की ओर जाती है, इसके बाद 25° 25' 29.221" उ 90° 34' 40.851" पू में स्टेशन सं. 50 के चीबे नदी के साथ पूर्वी दिशा की ओर जाती है, इसके बाद 25° 24' 38.073" उ 90° 34' 52.655" पू में स्टेशन सं. 51 के गोंजागरे ग्राम के निकट दक्षिणी दिशा की ओर जाती है, इसके बाद 25° 24' 10.602" उ 90° 34' 29.149" पू में स्टेशन सं. 52 के गोंजा धारा प्रवाह के साथ दक्षिणी दिशा की ओर जाती है, इसके बाद 25° 24' 16.619" उ 90° 33' 43.012" पू में स्टेशन सं. 53 के गोंजा धारा प्रवाह के साथ दक्षिण-पश्चिमी दिशा की ओर जाती है, इसके बाद 25° 23' 53.941" उ 90° 33' 10.357" पू में स्टेशन सं. 54 के गोंजा धारा प्रवाह के साथ दक्षिण-पश्चिमी दिशा की ओर जाती है, इसके बाद 25° 25' 29.221" उ 90° 34' 40.851" पू में स्टेशन सं. 55 के रोंगदीक धारा प्रवाह के साथ दक्षिण-पश्चिमी दिशा की ओर जाती है, इसके बाद रोंगदीक धारा प्रवाह के साथ दक्षिण-पूर्वी दिशा की ओर जाती है और 25° 23' 31.283" उ 90° 32' 31.939" पू में स्टेशन सं. 56 में मिलती है, इसके बाद 25° 22' 36.906" उ 90° 32' 10.027" पू में स्टेशन सं. 57 के रोंगदीक धारा प्रवाह के साथ दक्षिण-पश्चिमी की ओर जाती है।

दक्षिण: पारिस्थितिकी संवेदी जोन की दक्षिणी सीमा 25° 22' 36.906" उ 90° 32' 10.027" पू में स्टेशन सं. 57 से आरंभ होती है, इसके बाद 25° 22' 58.664" उ 90° 31' 27.539" पू में स्टेशन सं. 58 के रोम्पा नदी के साथ उत्तर-पश्चिमी दिशा की ओर जाती है, इसके बाद 25° 23' 13.574" उ 90° 31'


